UP Polytechnic Syllabus

पाठ्० ग्रुप	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	न्यूनतम शैक्षिक अर्हता	प्रवेश परीक्षा में परीक्षा विषय तथा प्रश्नों का प्रतिशत
A	डिप्लोमा इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम	तीन वर्षीय	10वीं कक्षा न्यूनतम् 35% अंक के साथ उत्तीर्ण।	खण्ड–एक–गणित–50% खण्ड–दो–भौतिक तथा रसायन–50%

Bharatgeek
OFFICIAL

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश–

ऑनलाइन परीक्षा : पाठ्यक्रम ग्रुप– A, B, C, D, E, F, G, H, I, K एवं L की परीक्षा ऑनलाइन कम्प्यूटर के माध्यम से सम्पादित करायी जायेगी, जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में क्रमिक रूप से प्रदर्शित होंगे। प्रत्येक पाली की परीक्षा अवधि 2:30 घण्टे होगी। प्रवेश परीक्षा में (Objective Type) बहु–विकल्पीय (Multiple Choice Question) प्रश्न पत्र में प्रत्येक प्रश्न में उत्तर के 04 विकल्प होगें और प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 04 अंक दिये जायेगें, उत्तर के चारों विकल्पों में सही उत्तर केवल एक ही होगा। प्रत्येक प्रश्न पत्रों में 100 प्रश्न होगें तथा प्रत्येक प्रश्न में 04 विकल्प होगें, यदि कोई प्रश्न गलत होता है या 02 विकल्प सही होने पर उस प्रश्न को हल करने वाले अभ्यर्थी को पूरे 04 अंक दिये जायेगें। ऐसे प्रश्न जिन्हें बाद में/पुनः हल करना हो, उन्हें चिन्हित करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। परीक्षा के 02 दिन पूर्व से ही मॉक टेस्ट की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी, ताकि अभ्यर्थी ऑनलाइन परीक्षा से भली–भाँति अवगत हो सके।

समय– परीक्षार्थी को परीक्षा आरम्भ होने के दो घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंच कर बायोमैट्रिक रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें तदपश्चात परीक्षा केन्द्र पर लगे सीटिंग प्लान में अपना निर्धारित कक्ष देखकर परीक्षा कक्ष में शीघ्र पहुंचना चाहिये तथा अपने अनुक्रमांक हेतु निर्धारित कम्प्यूटर पर लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगिन की कार्यवाही ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें।

UPDATED सिलेबस यहाँ देखें
UP POLYTECHNIC SYLLABUS

(2) **लेखन सामग्री**— परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी केवल काले/नीले बाल पेन के अतिरिक्त ऐसी कोई सामग्री न लाये जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परीक्षा में सहायक हो सके, ऐसी सामग्री का अभ्यर्थी के पास पाया जाना अनुचित साधन माना जायेगा। लॉग टेबिल, इलेक्ट्रॉनिक्स कैलकुलेटर/मोबाइल/कम्युनिकेशन उपकरण परीक्षा कक्ष में लाना पूर्णतः वर्जित है।

(3) **प्रवेश—पत्र**—परीक्षार्थी अपने साथ प्रवेश—पत्र एवं आधार कार्ड या अन्य कोई फोटो पहचान पत्र अवश्य लायें, जिससे परीक्षा कक्ष में परिनिरीक्षक, केन्द्र अधीक्षक व सम्बन्धित अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर अवश्य प्रस्तुत करें। बिना प्रवेश—पत्र परीक्षा कक्ष में जाने से वंचित कर दिया जायेगा।

Bharatgeek

मूल्यांकन एवं निगेटिव मार्किंग:—

(1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र में प्रत्येक प्रश्न में उत्तर के कुल 4 विकल्प होंगे और प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 04 अंक दिये जायेंगे।

(2) उत्तर के चारों विकल्पों में केवल एक उत्तर (विकल्प) सही होगा।

(3) प्रत्येक गलत उत्तर पर कोई भी निगेटिव अंक नहीं दिया जायेगा।

(4) यदि कोई प्रश्न गलत होता है या 02 विकल्प सही होने पर उस प्रश्न को हल करने वाले अभ्यर्थी को पूरे 04 अंक दिये जायेगें।

UPDATED सिलेबस यहाँ देखें

UP POLYTECHNIC SYLLABUS